हडको/सीएस/एसई/ 2024 08 मार्च, 2024

लिस्टिंग विभाग
बीएसई लिमिटेड
फ़िरोज़ जीजीभॉय टावर्स
दलाल स्ट्रीट
मुंबई- 400001
स्क्रिप कोड- 540530

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाज़ा, सी -1 , ब्लॉक जी,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई - 400051
एनएसई सिम्बल- हडको

**विषय: श्री बंशी लाल गूजर (DIN:09462128) के स्वतंत्र निदेशक के रूप में समाप्ति के संबंध में कॉर्पोरेट प्रकटीकरण**

महोदय/महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 30 के तहत कॉर्पोरेट प्रकटीकरण आवश्यकता के अनुरूप, हम सूचित करना चाहते हैं कि:

संसद सदस्य (राज्यसभा) के रूप में उनके चुनाव के परिणामस्वरूप, श्री बंशी लाल गूजर (डीआईएन: 09462128), गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक ने हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) के निदेशक पद से अपना इस्तीफा (प्रतिलिपि संलग्न) दे दिया है। उक्त इस्तीफा कंपनी को 7 मार्च 2024 को प्राप्त हुआ। तदनुसार, श्री बंशी लाल गूजर (डीआईएन: 09462128) 7 मार्च 2024 से हडको के स्वतंत्र निदेशक नहीं रहेंगे।

इसके अलावा, यह पुष्टि की गई है कि त्यागपत्र में उल्लिखित कारणों के अलावा त्यागपत्र के लिए कोई अन्य भौतिक कारण नहीं है और वह हडको के अलावा किसी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक पद या बोर्ड समितियों में सदस्यता नहीं रखते हैं।

उपरोक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.hudco.org.in पर भी उपलब्ध है।

यह आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद

भवदीय
फॉर हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

विकास गोयल
कंपनी सचिव एंड कंप्लायंस ऑफिसर

बंशीलाल गुर्जर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
किसान मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी

क्रं. 20.......

दिनांक..............

प्रति,

मुख्य प्रबंध निर्देशक
हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि.
(भारत सरकार का उपक्रम) नई दिल्ली

विषयः-- स्वतंत्र निर्देशक पद से त्यागपत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि भारत सरकार द्वारा मुझे हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. में स्वतंत्र निर्देशक के रूप में नियुक्त किया गया था। हुडको के साथ कार्य करना मेरे लिये बहुत ही सुखद एवं अनुभव प्राप्त करने वाला रहा। मुझे स्वतंत्र निर्देशक नियुक्त करने के लिये माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी एवं माननीय हरदीप पुरी जी, मंत्री आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को धन्यवाद देता हूं। उन्होने मुझे हुडको जैसी नवरत्न कम्पनी में कार्य करने का अवसर दिया।

मै आपको प्रसन्नता पूर्वक सूचित कर रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं माननीय प्रधानमंत्री जी ने मुझे संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) का सांसद निर्वाचित होने का अवसर दिया। मैं दिनांक 20 फरवरी 2024 को राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित हो गया हूं।

अतः मैं दिनांक 20 फरवरी 2024 से हुडको के स्वतंत्र निर्देशक पद से त्यागपत्र दे रहा हूं कृपया मेरा त्यागपत्र स्वीकार करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

दिनांक 20/02/2024

भवदीय

Sd -

(बंशीलाल गुर्जर)

2023-24|1 86

प्रतिलिपिः— कम्पनी सचिव हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि.
(भारत सरकार का उपक्रम) नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।

भवदीय

(बंशीलाल गुर्जर)

कार्यालय : भाजपा मुख्यालय-6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002
निवास : ग्राम-लालघाटी पोस्ट-साबाखेड़ा, जिला-मंदसौर, मोबा. 9425105258, 8989265258 (कार्यालय).
ई-मेल : gurjar.banshilal@gmail.com